# आजादी के बाद भी नहीं दे पाए पक्की सड़क

## ग्राम बोरिया से भीमगढ़ तक दो किमी मार्ग आज तक कच्चा



**छपारा, देशबन्धु। देश की आजादी के कई वर्ष बीत गए। कई सरकारें आई और गई, पर आज तक इस दो किलोमीटर रोड को बनाने की किसी ने जहमत नहीं उठाई। इस मार्ग पर शासकीय हाई स्कूल भी है। इसके बावजूद केवलारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरिया से भीमगढ़ तक दो किलोमीटर मार्ग की बदहाली दूर नहीं हुई।**

केवलारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोरिया से भीमगढ़ जाने बाले लगभग दो किलोमीटर सड़क आजादी के बाद से कितनी सरकार बनी पर किसी जनप्रतिनिधि ने उक्त सड़क बनाने की जेहमत नहीं किया जबकि इसी सड़क में शासकीय हाई स्कूल संचालित होता है। जहां बोरिया, मुल्ला देवरी,हर दुली, तिलवारा बरसला, थवरी, बरबसपुर, बामनवाड़ा, नोनिया, सुआ डोगरी, चरगवा जटलापुर चंदेरी आदि गांवों के छात्र छात्राएं उक्त स्कुल में अध्यनरत है। जहां बड़ी संख्या में लोगों का अवागमन होता है। जहां बारिश के समय में छात्र-छात्राओं और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।

लंबे समय से इस विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का जनप्रतिनिधि रहा है वर्तमान में भी इस विधानसभा में कांग्रेस का विधायक प्रतिनिधित्व करते हैं। इस क्षेत्र के लोगों ने विधानसभा क्षेत्र के विधायक से उक्त 2 किलोमीटर की सड़क बनवाने की अपेक्षा व्यक्त की है।

# किसान को नहीं मिला अधिग्रहित भूमि का उचित मुआवजा

**छपारा, देशबन्धु।** एक तरफ तो सरकार कई योजना किसानों के लिए संचालित कर रही हैं वही दूसरी ओर किसान को सरकारी उपक्रम गेल इंडिया जो क्षेत्र में गैस पाइपलाइन का कार्य कर रही है। उसके द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि का उचित मुआवजा तक नही मिलने से किसान परेशान होकर छह माह से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा हैं किंतु उसकी कोई सुध लेने वाला नहीं है।

## प्रशासन से न्याय की गुहार




ऐसा ही एक मामला छपारा का प्रकाश में आया है। शिवाजी वार्ड निवासी बृजमोहन सिंह, पिता ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि उनकी भूमि रिकॉर्ड अनुसार पटवारी हल्का नंबर 42 राजस्व निरीक्षक तहसील छपारा अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नं.1042/1रकबा 1.85 हेक्टेयर भूमि में 0.32 आरे जमीन गैल इंडिया की गैस पाइप लाइन परियोजना हेतु अधिग्रहीत की गई है, जिसमें कुल 0.4 हेक्टेयर भूमि का ही कंपनी द्वारा मुआवजा दिया गया, वही बाकी की अधिग्रहीत भूमि 0.28 हेक्टेयर मुआवजा वर्तमान समय में भी नहीं दिया गया है। उक्त तकनीकी गड़बड़ी लेकर उन्होंने जनवरी माह में एस डी एम कार्यालय में अपना आवेदन दिया था उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने से सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई। साथ ही गत मई माह में जिला कलेक्टर कार्यालय में भी न्य

ाय के लिए गुहार लगाई किंतु इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। साथ ही उन्होंने बताया कि पटवारी द्वारा मौके का स्थल निरीक्षण कर पंचनामा रिपोर्ट भी दी गई इसके बाद भी वह सरकारी कार्यालयों के चक्कर ही काट रहे हैं। उक्त भूमि को देने के बाद भी उचित मुआवजा नहीं मिलने से उन्हें और उनके परिवार को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर उन्होंने शासन प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने की अपील की है।

ज्ञात हो कि लगभग पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से छपारा सहित आसपास के क्षेत्र में गेल इंडिया कंपनी द्वारा गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से एक ओर जहां देश के बड़े भूभाग को गैस पाइपलाइन जैसी सुविधा मिल रही है, वहीं दूसरी ओर भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों में असंतोष भी पनप रहा है।

बृजमोहन सिंह ने बताया कि उन्होंने एसडीएम हेल्पलाइन पर शिकायत (शिकायत संख्या 31039515) दर्ज कराई थी और तहसील कार्यालय के चक्कर लगाए थे, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने अपनी शिकायत में राजस्व अधिकारी लखनादौन रवि कुमार सिहाग, कलेक्टर सिवनी और एसडीएम हेल्पलाइन का भी उल्लेख किया है।

किसान बृजमोहन सिंह ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजे को लेकर तत्काल कार्यवाही करने और उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि एक प्रतिष्ठित कंपनी जो कि सरकार का ही उपक्रम है उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि लंबे समय बीत जाने के बावजूद उन्हें अभी तक उनकी अधिग्रहित भूमि का पूरा मुआवजा नहीं मिला है।

**इनका कहना हैं -**

बृजमोहन सिंह की शिकायत बिल्कुल सही है, तकनीकी गड़बड़ी से मुआवजा बृजमोहन सिंह के भाई के खाते में चला गया साथ ही उक्त पूरे मामला लखनादौन एस डी एम सर रवि कुमार सिहाग के संज्ञान में है उनके द्वारा किसान बृजमोहन सिंह को उचित मुआवजा दिलाने की बात कहीं गई है।

**रविन्द्र यादव, रेवेन्यू डिपार्टमेंट गैल इंडिया ( प्राकृतिक गैस विभाग )**

## सार-समाचार

### महिला प्रशिक्षार्थीयों ने समझी केंचुआ खाद उत्पादन तकनीक

**सिवनी, देशबन्धु।** कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में सेंट्रल बैंक आफ इंडिया द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार हेतु कृषि क्षेत्र में क्या-क्या संभावना है इस विषय पर प्रशिक्षण एवं भ्रमण कराया गया इस दौरान लगभग 50 महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल ने कृषि के क्षेत्र में सतत् हो रहे नवाचार एवं केंचुआ खाद उत्पादन तकनीक, मशरूम उत्पादन तकनीक, मधुमक्खी पालन ,खाद्य प्रसंस्करण, बीज उत्पादन , ग्रामीण क्षेत्र में पापड़, बड़ी ,अचार , चिप्स एवं अनेक विषयों पर स्वरोजगार की दृष्टिकोण से महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया , कृषि विज्ञान केंद्र वैज्ञानिक डॉ के.के. देशमुख, डॉ एन.के. सिंह, इंजी कुमार सोनी, डॉ जी.के. राणा द्वारा महत्वपूर्ण कृषि से संबंधित जानकारी प्रदान की महिला उद्यमियों ने केंद्र में संचालित केंचुआ खाद उत्पादन यूनिट, पशुपालन, एजोला उत्पादन आदि यूनिट का भ्रमण किया इस दौरान संचालक आर.सी.टी. कुलदीप सिंह, प्रवीण पवन कुमार सनोडिया,डॉक्टर मनीष कुमार सेंडे आदि की उपस्थिति रही प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के प्रशांत कुर्मी, देवी प्रसाद तिवारी, नीत लाहौरी, ओम ब्रोकर का सहयोग रहा।

### आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बर के प्रति जागरुकत्ता को लेकर किया कार्यक्रम

**सिवनी, देशबन्धु।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सिवनी ने बताया कि कलेक्टर संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमेन के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बुधवार 18 जून को समुदाय में आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बर पर जागरूकत्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आयोजित कार्यशाला में विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों तथा उनके उपयोग के बारे में बताया गया। आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बर 112 जो कि भारत का राष्ट्रीय आपातकालीन नंबर है, किसी भी आपात स्थिति जैसे कि पुलिस, एम्बुलेंस, या अग्निशमन सेवा की आवश्यकता होने पर इस नंबर पर कॉल किया जा सकता है, महिला हेल्पलाइन 181 महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा या किसी भी प्रकार की हिंसा की शिकायत के लिए है, यह हेल्पलाइन महिलाओं को कानूनी और सामाजिक सहायता प्रदान करती है।

### बाबुराव कडू का निधन

**पीपला नारायणवार, देशबन्धु।** पीपला नगर के निवासी प्रतिष्ठित समाज के वरिष्ठ नागरिक रामराव कडू के बड़े भाई एवं



पुत्र योगेश कडू के पिता बाबुराव कडू का दिन बुधवार शाम को निधन हो गया जिसकी अंतिम यात्रा गुरुवार को दोपहर 12:00 बजे निकली एवं स्थानीय मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया जिसमें नाते दार रिश्तेदार व्यवसायी राजनीतिक दलों ने समाज सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओ की उपस्थित में संपन्न हुई समाज बंधुओ ने ओम का जाप कर 2 मिनट मोन रखते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बीएसएनएल सिम का नेटवर्क नही मिलने से आंगनबाडी कार्यकर्ता परेशान

**सौसर, देशबन्धु।** एकिकृत महिला बाल विकास परियोजना सौसर द्वारा एक पखवाड़े पूर्व सौसर क्षेत्र की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएसएनएल की सिम दी गई है,ताकि आंगनवाडी कार्यकर्ताओ को ऑनलाइन रिपोर्टिंग और अन्य जानकारी विभाग को भेजने में कोई कठिनाई न हो,लेकिन यहां बीएसएनल नेटवर्क की खराब कनेक्टिविटी और सौसर के अधिकांश नगरीय व ग्राम्रीण क्षेत्रों में नेटवर्क ही उपलब्ध नहीं होने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल ही में सौसर क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बीएसएनल की सिम दी गई है,जिससे कार्यकर्ता काफी खुश हुई उन्हें लगा कि अब उन्हें निजी तौर पर डाटा डालने के लिए हो रहे हजारों रुपए खर्च से राहत मिलेगी किंतु उनकी यह खुशी ज्यादा समय नहीं रही,मोबाइल में सिम डालते ही बीएसएनल का नेटवर्क बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं होना पाया गया और उक्त समस्या हर समय बनी रही7जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रतिदिन ऑनलाइन रिपोर्ट जमा करनी होती है लेकिन नेटवर्क की समस्या के कारण वह ऐसा नहीं कर पा रही है।

उन्हें ऑनलाइन सेवाओं जैसे कि बच्चों के पोषण स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित जानकारी विभाग को पहूचाने में भी कार्यकर्ताओं को कठिनाई हो रही है,जबकि विभागीय अधिकारी को मालूम है कि सौसर क्षेत्र में बीएसएनल का नेटवर्क अधिकांश क्षेत्र में उपलब्ध ही नहीं है। वही जानकारी में यह बात सामने आई कि क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा इस क्षेत्र में अन्य कंपनियों का उपलब्ध नेटवर्क की सिम की मांग की थी,लेकिन शासन ने उनकी यह मांग अनसुनी कर दी और बीएसएनएल की सिम उनके हाथ में थमा दी,जिसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है ।

कुल मिलाकर बीएसएनल नेटवर्क की समस्या आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के काम में एक बड़ी बाधा बनी गई है । शासन-प्रशासन ने इसका समाधान जल्द से जल्द किया जाना चाहिए।

# शिविरों से जनजातीय हितग्राहियों मिला लाभ

**सिवनी, देशबन्धु।** जनजातीय समुदाय के उत्थान और कल्याण को लेकर भारत सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जिले में दो चरणों में (प्रथम चरण 16 से 28 जून, द्वितीय चरण दिनांक 29 जून से 04 जुलाई) जिले में विशेष जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित जा रहे हैं।

आयोजित शिविरों का उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य ग्रामों का समग्र विकास करना है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, आजीविका और मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 18 जून को जिले के आठों विकासखंड की 23 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए।

गुरूवार को इन ग्रामों में आयोजित होंगे शिविर-लखनादौन विकासखंड की ग्राम पंचायत पाटन, कटोरी, बीबी, मचवाडा, बिछुआ एवं करछुआई मे शिविर आयोजित होंगे। इसी तरह सिवनी विकासखण्ड के सोनाडोगरी एवं खामखरेली में, केवलारी विकासखंड के अर्जुनझिर में शिविर आयोजित होंगे।

# प्रेस क्लब ने जीता मैच

**सिवनी, देशबन्धु।** स्थानीय मिशन स्कूल ग्राउंड में आज मॉर्निंग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। जो मॉर्निंग क्रिकेट क्लब एवं प्रेस क्लब के बीच खेला गया। इस मुकाबले को प्रेस ने एक तरफ जीत लिया। मैच में आयोजन समिति के अध्यक्ष राजा खान, आयोजन समिति के सचिव पवन नामदेव एवं अतिथि के रूप में अजय मिश्रा ,अन्नू पटेल ,महेंद्र बघेल एवं तननू,भाई उपस्थित रहे। मॉर्निंग क्लब के कप्तान प्रकाश सोनी ने टॉस जीतकर प्रेस क्लब के कप्तान अयोध्या विश्वकर्मा को बल्लेबाजी करने आमंत्रित किया। 10 ओवर के हुए इस मैच में प्रेस क्लब ने अंकित के 71 रनों की मदद से 4 विकेट खोकर 102 रनों का स्कोर खड़ा किया। कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया मॉर्निंग क्लब के गेंदबाज जितेन्द्र बघेल,गोलू यादव,दीपक नाविक,प्रकाश सोनी इन सबने एक,एक विकेट प्राप्त किया ।

103 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मॉर्निंग क्लब ने दीपक पटवा के शानदार 38 रनों की पारी के साथ 9 विकेट खोकर 74 रन ही बना सकी। 25 रनों से मैच को गवां दिया। प्रेस क्लब की तरफ से परवेज ने 2,अंकित ने 2,वाहिद ने 1,मद्रासी ने 1,नरेंद्र ने 3 विकेट लिया ।



## मॉर्निंग क्रिकेट कप

आज हुए प्रारंभिक मैच में मेन ऑफ द मैच प्रेस क्लब के अंकित रहे। अम्पायरिंग की भूमिका में देवेश पवमे और पवन नामदेव ने निर्विवाद अंपायर की भूमिका निभाई,ऑफ लाइन स्कोरिंग में अमित नाविक ऑन लाइन स्कोरिंग में विजय चौहान थे, मैच को सफल बनाने में दुर्गेश रजक, सोनू मनोज,रोमी,नीरज तिवारी,का विशेष योगदान रहा।

# पलारी स्टेशन पर ट्रेन स्टॉपेज की मांग, सौंपा ज्ञापन

**पलारी, देशबन्धु।** पलारी रेलवे स्टेशन को क्षेत्रीय जनजीवन की धड़कन बताते हुए सर्व समाज जनसेवा संगठन ने भारत सरकार के रेल मंत्री को ज्ञापन सौंपकर इस स्टेशन पर सभी प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की माँग की है। संगठन के स्थानीय और संभागीय पदाधिकारियों ने ज्ञापन में इस स्टेशन की भौगोलिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और व्यावसायिक महत्ता को रेखांकित किया है।



ज्ञापन में बताया गया है कि पलारी स्टेशन आसपास के कई गाँवों और लाखों यात्रियों के लिए आवागमन का केन्द्रीय बिंदु है। यहाँ से संजय सरोवर बाँध, अमोदागढ़ का मोगली लैंड, बैनगंगा नदी का तीर्थ स्थान, (कोठी घाट), प्राचीन जैन मंदिर (नागाबाबा क्षेत्र) जैसे महत्वपूर्ण स्थल जुड़े हुए हैं। साथ ही प्रयागराज, अयोध्या और जामसांवरी जैसे धार्मिक स्थानों की यात्रा के लिए यह स्टेशन एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। संगठन के अनुसार, पलारी स्टेशन से जबलपुर, नागपुर, इंदौर, भोपाल और दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों के लिए आवागमन होता है। व्यापारियों, किसानों, विद्यार्थियों, राजनैतिक एवं धार्मिक यात्रियों के लिए यह स्टेशन अत्यंत उपयोगी है।

परंतु वर्तमान में अधिकांश लंबी दूरी की ट्रेनों का यहाँ ठहराव नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। संगठन ने माँग की है कि पलारी स्टेशन को यात्री सुविधाओं की दृष्टि से विकसित करते हुए सभी आवश्यक ट्रेनों के स्टॉपेज की स्वीकृति तत्काल दी जाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में सर्व समाज जनसेवा संगठन के केवलारी विधानसभा अध्यक्ष मुन्नालाल यादव, लोकसभा मंडला अध्यक्ष पंचम सिंह कुशराम, संभागीय अध्यक्ष अनुप मिश्रा और राष्ट्रीय अध्यक्ष मंदलाल यादव सहित पलारी क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल थे। ज्ञापन में इस माँग को जन भावना से जुड़ा मामला बताते हुए रेल मंत्रालय से शीघ्र निर्णय की अपेक्षा की गई है। यदि माँग पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन जन आंदोलन की चेतावनी भी दे सकता है।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 20 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ कृष्ण पक्ष की नवमी, नक्षत्र-रेवती।**

मेष - आज के दिन धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। आज पैसे का लेन-देन टाल दें। तन-मन में भय अनुभव होगा। धार्मिक काम के पीछे पैसे खर्च होंगे।

वृषभ - भाग्य इस समय आपके साथ है। आपके परिवार में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। पारिवारिक सदस्यों और मित्रों के साथ आप मौज-मस्ती में समय व्यतीत कर सकेंगे।

मिथुन - आज आपका सभी काम सरलतापूर्वक पूरे करेंगे। घर, ऑफिस तथा सामाजिक क्षेत्र में अनुकूल वातावरण बनने से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। मान- सम्मान में वृद्धि होगी। ( 148-599 )

कर्क - शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ भाग्यवृद्धि के अवसर आपकी प्रसन्नता में वृद्धि करेंगे। विदेश से शुभ समाचार मिलेगा। धार्मिक काम, देवदर्शन और धार्मिक यात्रा से आनंद मिलेगा।

सिंह - आज स्वास्थ्य के प्रति अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य के पीछे धन का खर्च भी हो सकता है। खान-पान में सावधानी बरतें और बाहर के खाने से परहेज करें। वैचारिक स्तर पर नकारात्मकता छाई रहेगी।

कन्या - आज किसी नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर रहें। खासकर बाहर खाना-पीना टालें। आज आप अधिक क्रोधित रहेंगे, वाणी पर संयम रखें।

तुला - आप का स्वास्थ्य आज अच्छा रहेगा। व्यवसायिक क्षेत्र में लाभ होगा। सहकर्मियों का भी सहयोग प्राप्त होगा। परिजनों के साथ आप समय आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे। वाणी पर संयम बरतें। खर्च पर नियंत्रण रखें।

वृश्चिक - वाद-विवाद से दूर रहना आपके लिए हितकारी है। संतान के विषय में चिंता रहेगी। विद्यार्थियों को अभ्यास में सफलता प्राप्त होने से उनके उत्साह में वृद्धि होगी। शेयर-सट्टे में पूंजी-निवेश न करें।

धनु - आपको शारीरिक और मानसिक सुस्ती का अनुभव होगा। मानसिक भय भी रहेगा। घर का वातावरण काफी गंभीर रहेगा। मां की तबीयत की चिंता आपको रहेगी।

मकर - मित्रों और परिजनों के साथ आज का दिन आनंदपूर्वक गुजारेगा। किसी पर्यटन स्थल पर घूमने जा सकते हैं। स्थायी संपत्ति विषयक काम आज पूरे कर पाएंगे। लोगों के लिए समय अनुकूल है। विद्यार्थियों को समय की अनुकूलता रहेगी।

कुंभ - मानसिक रूप से दुविधा का अनुभव होने से निर्णय लेने में परेशानी होगी। निरर्थक खर्च से बचें। वाणी पर संयम बरतें, अन्यथा परिजनों से अनबन होने की आशंका बनी रहेगी।

मीन - शारीरिक और मानसिक रूप से आपका स्वास्थ्य प्रसन्नता से भरा रहेगा। उत्साहपूर्ण वातावरण होने से नए काम का प्रारंभ करने की प्रेरणा मिलेगी। पारिवारिक वातावरण में सुख-शांति बनी रहेगी। ( 148-228 )

0,1,4,7-08,14,43,88,33,79,61,38

# पंजीकृत शिकायतों का समाधान यथाशीघ्र करें

**सौसर, देशबन्धु।** 19 जून 2025 को मुख्य अभियंता (जबलपुर क्षेत्र) के.एल. वर्मा द्वारा सौंसर संभाग अन्तर्गत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र, एफ.ओ.सी. सेन्टर सौंसर (शहर) एंव संभागीय कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विधुत व्यवस्था, घरेलु एंव कृषि फीडरों की विधुत सप्लाई, ट्रिपिंग, लाईनों का रखरखाव एंव एफ.ओ.सी. सेन्टर में दर्ज शिकायतें एंव उनके निराकरण में लगने वाले समय की समीक्षा की, उसके पश्च्यात उन्होंने एल.टी.आर.यू. (ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग यूनिट) का निरीक्षण किया एंव उपस्थित कर्मचारियों से ट्रांसफार्मर को सुधारने की प्रक्रिया की जानकारी ली एंव कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे ट्रांसफार्मर सुधार कार्य की प्रशंसा की । उनके द्वारा 1912 कॉल सेन्टर पर पंजीकृत शिकायतों का समाधान यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए गए साथ ही 33 के.वी.,11 के.वी. लाईनों, वितरण ट्रांसफार्मरों का रखरखाव समय-सीमा में करने एंव उपभोक्ताओं के साथ जनसंवाद कर समस्याओं का निराकरण करने के भी निर्देश दिए।



## मुख्य अभियंता का आकस्मिक निरीक्षण

संभागीय कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपस्थित कर्मचारियों के कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता, छिन्दवाड़ा खुशियाल शिववंशी, कार्यपालन अभियंता, सौंसर अखिलेश श्रीवास्तव, सहायक अभियंता रण्जीत गौण्ड, कनिष्ठ अभियंता सौंसर एंव कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय रोजगार मेले में 275 आवेदकों का प्रारंभिक चयन

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कति जैन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं शासकीय आई टी आई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार 18 जून को शासकीय आई टी आई केवलारी जिला सिवनी में युवा संगम कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया।

उक्त मेले में निजी क्षेत्र की 13 विभिन्न कम्पनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में 410 आवेदकों नें अपना पंजीयन कराकर मेले में भाग लिया। रोजगार मेंले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा 275 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि मेलें मे प्रारंभिक रूप से डी के कैरियर प्लेसमेंट द्वारा 30, एनआईआईटी द्वारा 35, एल आई सी सिवनी द्वारा 26, ग्रोफास्ट ग्रुप द्वारा 23, क्विस कारपोरेशन द्वारा 36, प्रथम एजुकेशन द्वारा 15, वर्धमान फ्रेबिक द्वारा 34, पुखराज द्वारा 30, एल एंड टी द्वारा 15, आमदनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 10, डी एंड एच द्वारा 3 एवं सीआई आई स्किल द्वारा 18 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया।

जिसमें अप्रेंटिसशिप के लिए क्विस कारपोरेशन द्वारा 36 आवेदकों का चयन किया गया। जिला स्तरीय रोजगार मेले मे उपस्थित कंपनीयों द्वारा सुरक्षा गार्ड, ट्रेनीज, सहायक, कॉल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन आपरेटर, पर्यवेक्षक, कम्प्यूटर आपरेटर, तकनीकि सहायक आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गई। स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 2 हितग्राहियों को 20 लाख की राशि के स्वीकृति पत्र / चैक प्रदान किये गये।